प्रेस नोट संख्या 35

दिनांक 14.07.2024

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी की 01 अदद सौर ऊर्जा प्लेट के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 14.04.2024 को उ0नि0 विमल किशोर पाण्डेय थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 154/24 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना मुसाफिरखाना से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र गंगादीन निवासी ग्राम बेसारा पूरब (टिकैत का पुरवा) थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को धरौली चौराहा हाइवे के पास से समय करीब 04:00am बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद सौर ऊर्जा प्लेट बरामद हुई।

बरामद प्लेट के संबंध में पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह प्लेट कुछ दिन पहले आंगनबाड़ी केन्द्र कम्पोजिट विद्यालय नेवादा किशुनगढ़ से चोरी किया था। चोरी हुई दूसरी प्लेट के संबंध में पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि एक सौर ऊर्जा प्लेट को गांव में फेरी करने वाले कबाड़ी को बेंच दी थी दूसरी प्लेट बेचने के लिये आज कबाड़ी के पास अलीगंज जा रहा था।

गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

- संदीप कुमार पुत्र गंगादीन निवासी ग्राम बेसारा पूरब (टिकैत का पुरवा) थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।

बरामदगी-

- चोरी की 01 अदद सौर ऊर्जा प्लेट।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही -

- मु0अ0सं0 154/24 धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. उ0नि0 विमल किशोर पाण्डेय थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
2. हे0का0 राजेश श्रीवास्तव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
3. हे0का0 राजबहादुर साहनी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
4. का0 देवन्द्र कुमार दुबे थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।